**Regarding need to set up floating solar panel in Gorakhpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-Laid**

श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन (गोरखपुर) **:** मैं केंद्र सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से माँग करता हूँ कि मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर के सनौली- नेपाल मार्ग पर गोरखपुर महानगर के नज़दीक स्थित लगभग एक हजार एकड़ में फैला चिलुआ ताल तथा गोरखपुर जनपद एवं संत कबीर नगर जनपद के मध्य स्थित लगभग 2894 हेक्टेयर में फैला बखीरा झील तथा गोरखपुर महानगर के अंदर स्थित लगभग 579 एकड़ में फैला रामगढ़ ताल में फ़्लोटिंग सोलर पैनल लगाया जाय जिससे मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र विद्युत उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर हो जाय । ताप ऊर्जा की तुलना में सौर ऊर्जा सस्ती है जिससे सरकार के राजस्व की बचत होगी और आम आदमी को भी सस्ते दर पर बिजली उपलब्ध होगी । इससे युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार का भी सृजन होगा ।